भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 2924**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**बिहार में शेरपुर से दिघवारा तक पुल**

2924. श्री राजीव प्रताप रूडी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बिहार में शेरपुर से दिघवारा तक एक पुल की योजना बनाई गई है और यदि हां, तो इसके प्राक्कलन और उसमें हुई प्रगति सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस क्षेत्र में उत्तर की ओर एनएच 31 (पुराना एनएच-19) पर समाप्त होने वाले यातायात को यातायात की सुगमता के लिए एनएच-722 से जोड़ने के लिए एक अतिरिक्त मार्ग की आवश्यकता है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और प्रस्तावित खंड पर यातायात को सुगम बनाने के लिए यातायात योजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हाँ। शेरपुर से दिघवारा तक गंगा नदी पर 6 लेन का पुल, जिसकी परियोजना लंबाई 14.52 किलोमीटर है तथा कुल परियोजना लागत 7181.98 करोड़ रुपये है, को मंजूरी दी गई है। कार्य 05.09.2023 को शुरू हुआ तथा इसके पूरा होने की निर्धारित तिथि 04.09.2027 है। अब तक वास्तविक प्रगति 1.52% है।

(ख) और (ग) इस क्षेत्र में चल रहे कई राष्ट्रीय राजमार्ग विकास कार्यों के परिणामस्वरूप नए गंगा पुल से रारा-722 तक और रारा-722 से नए गंगा पुल तक यातायात के सुचारू आवागमन की योजना का अध्ययन किया जा रहा है।

*****